# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक-10.07.2025

- पंचायत उप निर्वाचन, 2025 हेतु दिनांक 09.07.2025 को राज्य के 38 जिलों मे कुल 403 पदों यथा ग्राम पंचायत सदस्य के 174 पद, ग्राम कचहरी पंच के 36 पद, ग्राम पंचायत मुखिया के 61 पद, पंचायत समिति सदस्य के 56 पद, ग्राम कचहरी सरपंच के 70 पद एवं जिला परिषद सदस्य के 6 पद पर शांतिपूर्ण चुनाव कराए गये।
- अंतिम रूप से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 45.37 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। जिसमे पुरुष मतदाताओं का 41.82 प्रतिशत, महिला मतदाताओं का 49.25 प्रतिशत एवं अन्य मतदाताओं का 38.46 प्रतिशत है।
- पंचायत उप निर्वाचन, 2025 की मतगणना 11.07.2025 को सुबह 08.00 बजे से निर्धारित है। कुल **221** मतगणना केन्द्र एवं कुल 227 मतगणना हॉल बनाये गये हैं, जो प्रखण्ड मुख्यालय स्तर पर स्थित है। साथ ही सभी मतगणना केन्द्रों पर वेब कैमरा द्वारा ईवीएम (सी.यू.) से प्राप्त आँकड़ों का रिकार्डिंग भी किया जाना है एवं समस्त प्रक्रिया की वेबकास्टिंग भी की जाएगी।

- मतगणना प्रक्रिया बनी और भी सरल, सुरक्षित और विश्वसनीय।

राज्य निर्वाचन आयोग पूर्व कि भांति ही ओसीआर से मतगणना करा रही है OCR यानी ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से हर EVM पर लगाया जाता है एक विशेष कैमरा, जो AI सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ईवीएम(C.U) के डिस्प्ले पर प्रदर्शित आंकड़ों की गणना करता है, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के हर वोट की गिनती तेज़, सटीक और पारदर्शी तरीके से। साथ ही निर्वाचन परिणाम स्वतः प्रदर्शित होते हैं एवं पूरी मतगणना प्रक्रिया रिकॉर्ड होती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। यह तकनीकी नवाचार लोकतंत्र में बढ़ा रहा है विश्वास और बना रहा है चुनाव प्रक्रिया को और अधिक भरोसेमंद।

- शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना केन्द्र के लिए की गयी व्यवस्था

डिजिटाईजेशन :-

- मतगणना केन्द्र पर प्राप्त परिणाम का संधारण, मतगणना सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से वरीय पदाधिकारी के देख रेख में कराया जाएगा।

- मतगणना में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए समस्त मतगणना हॉल, परिसर, वेटिंग रूम, प्रतीक्षा कक्ष एवं स्ट्रॉग रूम का वेबकास्टिंग किया जाएगा।
- वेब कैमरा द्वारा सभी टेबल पर रखे गये ईवीएम (सी.यू.) से प्राप्त आँकड़ों का रिकार्डिंग एवं वेबकास्टिंग भी किया जाएगा।
- समस्त मतगणना प्रक्रिया का वेबकास्टिंग के साथ-साथ Live Streaming के माध्यम से निर्वाची पदाधिकारी (पंचायत)/ प्रखण्ड / जिला / आयोग स्तर पर अनुश्रवण हेतु नियंत्रण कक्ष बनाये गये है।
- आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर मतगणना परिणाम का Auto Display भी किया जाएगा, जिसे कोई भी व्यक्ति/अभ्यर्थी देख सकते है।

➢ मतदाता एवं अभ्यर्थी के लिए ऑनलाईन / एप सुविधा कोई भी मतदाता या अभ्यर्थी राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in अंतर्गत मतदाता कॉर्नर एवं अभ्यर्थी कॉर्नर में स्थित "निर्वाचन परिणाम" लिंक के माध्यम से देख सकते है।

➢ मतगणना केन्द्र पर बलों की प्रतिनियुक्ति शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना सम्पन्न कराने के निमित विधि व्यवस्था संधारण हेतु सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

➢ इसके अलावा कोई भी व्यक्ति मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नो॰ 1800-3457-243 पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार